अगर आपको जल्द मेडिकल सहायता की ज़रूरत है, पर आपकी जान को खतरा नहीं है - तो एनएचएस 111 को फ़ोन कीजिये।

NHS

111 क्या है?

अगर आपको मेडिकल मदद जल्द चाहिये, पर आपकी हालत आपकी जान को खतरा पहुँचा सकने वाली नहीं है, तो आप अब एनएचएस का नया नंबर 111 डायल कर सकते हैं। आप जब 111 नंबर पर फ़ोन करेंगे, तब एक प्रशिक्षित सलाहकार आपसे कुछ सवाल पूछेगा ताकि वो आपकी तकलीफ़ की जानकारी ले सके, आपको मेडिकल सलाह दे सके और आपको आउट-ऑफ़ आवर यानी काम के साधारण घंटों के बाहर काम करने वाले किसी डॉक्टर या कम्यूनिटी नर्स जैसे व्यक्ति के पास भेज पाये।

अगर सलाहकार को लगेगा कि आपकी हालत अधिक गंभीर है, तो वो आपको अस्पताल जाने को कहेगा या आपके लिये ऐम्बुलैंस भेजेगा। अगर आप अंग्रेज़ी नहीं बोल पाते हैं, तो अपने सलाहकार को बताइये कि आप किस भाषा में बात करना चाहते हैं और वो आपके लिये एक दुभाषिये का प्रबंध करेगा। आप दिन के किसी भी समय 111 नंबर पर फ़ोन कर सकते हैं। लैंडलाइन और मोबाइल फ़ोन से किये गये कॉल मुफ़्त होंगे।

मुझे इसका प्रयोग कब करना चाहिये?

आपको 999 नंबर का प्रयोग सिर्फ़ इमरजेंसी की स्थिति में करना चाहिये - मिसाल के लिये, जब किसी की हालत ऐसी हो कि उसकी जान खतरे में हो या कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल या खतरनाक रूप से बीमार हो।

जब आपको मेडिकल सहायता जल्दी पाने की ज़रूरत हो, पर आपकी जान को खतरा नहीं हो - तो एनएचएस 111 को फ़ोन कीजिये, मिसाल के लिये, आगर :

- आपको लगता है कि आपको अस्पताल जाने की ज़रूरत है
- आपको मालूम नहीं है कि आपको मेडिकल सहायता के लिये किसको कॉल करना चाहिये
- आपका कोई जीपी नहीं है जिसे आप फ़ोन कर सकते हैं
- आपको मेडिकल सलाह या इस बारे में आश्वासन की ज़रूरत है कि आपको आगे क्या करना चाहिये

सेहत के ऐसे मामले जो बहुत ज़रूरी नहीं हैं, उनके बारे में आपको अपने जीपी को कॉल करना चाहिये।

अगर किसी स्वास्थ्य के विशेषज्ञ ने आपको सेहत की किसी विशेष हालत के लिये कॉल करने के लिये कोई खास नंबर दिया हो, तो आपको उसी नंबर का प्रयोग जारी रखना चाहिये।

इसका प्रयोग कौन कर सकता है?

एनएचएस 111 का नंबर इस समय सिर्फ़ इंग्लैंड के कुछ ही क्षेत्रों में उपलब्ध है।

अगर आप इन क्षेत्रों के बाहर रहते हैं, तो आपको एनएचएस डायरेक्ट (NHS Direct) को इस नंबर पर फ़ोन करना चाहिये 0845 4647.

CALL 111

when it's less urgent than 999

अधिक जानकारी

इसपर अधिक जानकारी के लिये कि एनएचएस 111 की सेवा कहाँ उपलब्ध है या इस लीफ़लेट को दूसरी भाषाओं में पाने के लिये, इस वेबसाइट पर जाइये : www.nhs.uk/111

Hindi